

# यूपीईएस में इंजीनियरिंग पर सम्मेलन

**DEHRADUN:** यूपीईएस विश्वविद्यालय ने अपने बिधौली कैंपस में मशीन लर्निंग और डाटा इंजीनियरिंग पर एल्सेवियर के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया. इस कार्यक्रम ने इंजीनियरिंग क्षेत्र में सुझाव देने और रचनात्मक विकास को साझा करने के लिए उद्योगों के शोधकर्ताओं और एप्लिकेशन डेवलपर्स को एक साथ लाने का काम किया. कार्यक्रम का उद्घाटन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया के महानिदेशक अरविंद कुमार, विवि के कुलपति डॉ. राम शर्मा और स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस के डीन डॉ. रवि एस अय्यर ने किया. विभिन्न सरकारी संस्थानों के निदेशक व विवि के डीन सहित कई एक्सपर्ट ने अपने वक्तव्य दिए. सम्मेलन में भारत, यूएसए, रूस, ओमान, श्रीलंका, हंगरी, नाइजीरिया, सऊदी अरब, वियतनाम, बांग्लादेश, कनाडा, यूके सहित दुनियाभर के 45 देशों से 1000 से अधिक मैन्युस्क्रिप्टस की प्रस्तुतियां आई.